(10)

8804 26-8-14

Received 27-8-14

(336)

पत्रांकः 21फ / ए0ई0एस0 / जे0ई0 / भ्रमण आख्या / 2014 / 4982 दिनांकः 25/8/14

**प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 के मौखिक निर्देशों के क्रम में दिनांक 02.08.2014 से 04.08.2014 तक की भ्रमण आख्या।**

उद्देश्यः—

जनपद बस्ती के इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) की स्थापना एवं सुचारु रुप से 24x7 क्रियाशीलता का औचक निरीक्षण। औचक निरीक्षण के समय मेरे साथ श्री अरविन्द पान्डेय, डिवीज़नल प्रोजेक्ट मैनेजर, गोरखपुर एवं बस्ती मण्डल भी उपस्थित थे।

## दिनांक 02.08.2014

### जनपद – बस्ती

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत, जनपद बस्ती, समय रात्रि 10:47 बजेः—**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) बन्द था।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 आसिफ फारुकी अनुपस्थित पाये गये।
- सी0एच0सी0 की अप्रोच रोड बहुत खराब है।
- एम्बुलेन्स 108 पिछले 16 दिनों से खराब है।

GM(NP)
GM(M&E)
26/8/14

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरैया, जनपद बस्ती, समय रात्रि 11:17 बजेः—**

- ई0टी0सी0 क्रियाशील है।
- 18 रोगी भर्ती एवं उपचारित किये गये, 03 रोगी जिला चिकित्सालय को रेफर किये गये।
- डा0 आर0के0 सिंह एवं डा0 आर0के0 यादव स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित मिले, रात्रि निवास करते हैं।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज, जनपद बस्ती, समय मध्य रात्रि 12:00 बजेः—**

- ई0टी0सी0 पर ताला पड़ा था।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 हेमन्त गुप्ता अनुपस्थित पाये गये।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर संविदा स्टाफ नर्स, सुश्री गीता काफी ढूंढने पर मिलीं, कोई चौकीदार अथवा वार्ड ब्वाय इस केन्द्र पर नहीं है।
- एम्बुलेन्स 108 पिछले 12 दिनों से खराब है।

## दिनांक 03.08.2014

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवटिया, जनपद बस्ती, समय रात्रि 12:28 बजेः—**

- ई0टी0सी0 पर ताला पड़ा था।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 विजय गौतम उपस्थित मिले, अन्य कोई स्टाफ नहीं मिला।
- एम्बुलेन्स 108 पिछले 15 दिनों से खराब है।

PC(M&E)
27/8/14

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर, जनपद बस्ती, समय रात्रि 12:55 बजे:–**

- ई0टी0सी0 खुली मिली।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 पवन वर्मा उपस्थित पाये गये।
- अन्य स्टाफ उपस्थित नहीं पाया गया।
- एम्बुलेन्स 108 मरम्मत हेतु गई थी।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सल्टौवा, जनपद बस्ती, समय रात्रि 02:00 बजे:–**

- ई0टी0सी0 पर ताला पड़ा था।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 रवीन्द्र वर्मा एवं डा0 आनन्द मिश्रा उपस्थित पाये गये।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर चौकीदार अथवा वार्ड ब्वाय नहीं है।
- एम्बुलेन्स 108 पिछले लगभग 01 माह से खराब पड़ी है एवं एम्बुलेन्स के कर्मचारियों के विरुद्ध मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानपुर, जनपद बस्ती, समय रात्रि 02:37 बजे:–**

- ई0टी0सी0 पर ताला पड़ा था।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 रंजीत कुमार एवं डा0 अमरेश चन्द्र अग्रहरि उपस्थित पाये गये, स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में ही रहते हैं।
- अप्रोच रोड बहुत ज़्यादा खराब है।

## <u>दिनांक 03.08.2014</u>

### <u>जनपद – सन्तकबीर नगर</u>

भ्रमण के दौरान कार्यवाहक मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 लल्लन प्रसाद लगातार मेरे साथ उपस्थित रहे।

**जिला चिकित्सालय, सन्तकबीरनगर, समय पूर्वान्ह 11:30 बजे:–**

- पीडियाट्रिक आई0सी0यू0 का निरीक्षण किया गया, कार्यकारी संस्था के पाँच कर्मी उपस्थित मिले जिन्होंने आई0सी0यू0 को चलाने का प्रयास किया, परन्तु स्थिति संतोषजनक नहीं प्रतीत होती है।
- जिला चिकित्सालय के चारों तरफ जलभराव की स्थिति है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बघौली, जनपद सन्तकबीरनगर, समय मध्यान्ह 12:00 बजे:–**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला मिला।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 आर0एस0 यादव एवं डा0 अनिल सिंह उपस्थित पाये गये।
- ई0टी0सी0 में आज की तिथि तक 11 रोगियों को भर्ती कर उपचार किया गया है।
- व्यवस्था उत्तम पाई गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेहंदावल, जनपद सन्तकबीरनगर, समय अपरान्ह 12:24 बजेः–

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) पूर्णतया व्यवस्थित एवं खुला मिला।
- भ्रमण के समय 04 रोगी ई0टी0सी0 में भर्ती थे।
- कुल 12 रोगियों का उपचार किया जा चुका है।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा0 डी0एन0पी0 गुप्ता, डा0 आर0के0 अग्रहरि एवं डा0 लोकेश त्रिपाठी उपस्थित मिले।
- चिकित्साधिकारी एवं अन्य स्टाफ स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में निवास करते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साठा, जनपद सन्तकबीरनगर, समय अपरान्ह 01:10 बजेः–

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) पूर्णतया व्यवस्थित एवं खुला मिला।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 गौरव एवं अन्य चिकित्साधिकारी उपस्थित मिले।
- चिकित्साधिकारी एवं अन्य स्टाफ स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में निवास करते हैं।
- निरीक्षण के समय 02 तीव्र ज्वर के रोगी उपचारित हो रहे थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां, जनपद सन्तकबीरनगर, समय अपरान्ह 02:30 बजेः–

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) पूर्णतया व्यवस्थित एवं खुला मिला।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 एस0के0 चौधरी उपस्थित मिले।
- चिकित्साधिकारी एवं अन्य स्टाफ स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में निवास करते हैं।
- निरीक्षण के समय 02 तीव्र ज्वर के रोगी उपचारित हो रहे थे।
- कुल तीव्र ज्वर उपचारित रोगियों की संख्या 11 है।

संयुक्त चिकित्सालय खलीलाबाद, जनपद सन्तकबीरनगर, समय अपरान्ह 03:40 बजेः–

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) पूर्णतया व्यवस्थित एवं खुला मिला।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 रामशिला एवं अन्य चिकित्साधिकारी उपस्थित मिले।
- चिकित्साधिकारी एवं अन्य स्टाफ चिकित्सालय परिसर में निवास करते हैं।
- निरीक्षण के समय 02 तीव्र ज्वर के रोगी उपचारित हो रहे थे।

## दिनांक 03.08.2014

### जनपद – बस्ती

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साऊघाट, जनपद बस्ती, समय सायं 05:15 बजेः–

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) पर ताला लगा था।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 राकेश मणि त्रिपाठी अनुपस्थित थे।
- फार्मासिस्ट श्री विजय प्रकाश मिश्रा परिसर में निवास करते हैं।

- सामु0स्वा0केन्द्र के प्रति जनता में रोष है एवं सभी स्टाफ उपस्थिति पंजिका में हाजिरी दर्ज कर भाग जाते हैं की शिकायत प्राप्त हुई।
- सामु0स्वा0केन्द्र की दूरी जनपदीय मुख्यालय से मात्र 7 किमी है, अप्रोच रोड अच्छी है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रुधौली, जनपद बस्ती, समय सायं 07:00 बजेः—**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- कुल उपचारित रोगियों की संख्या 11 है।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 चौधरी एवं डा0 एम0एम0 मिश्रा परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।

<u>जनपद – सिद्धार्थनगर</u>

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिठवल तिलौली, जनपद सिद्धार्थनगर, समय सायं 08:25 बजेः—**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 राम प्रसाद मौर्या एवं फार्मासिस्ट श्री अश्विनी कुमार परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- ई0टी0सी0 केवल 03 शैय्यायें हैं। भ्रमण की तिथि तक कोई भी रोगी उपचारित नहीं हुआ था। केवल ओ0पी0डी0 में बुखार के रोगियों का उपचार किया जाता है।
- अम्बु बैग एवं एअर वे भी उपलब्ध नहीं पाये गये।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर, समय रात्रि 09:17 बजेः—**

- यद्यपि पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसी घनी बस्ती के बीच स्थित है एवं रोगियों को पहुँचने में बहुत आसानी है परन्तु नया सामु0स्वा0केन्द्र लगभग 03 किलोमीटर दूर बसन्तपुर में नवनिर्मित है, जिसके चारों ओर पानी भरा रहता है एवं रात्रि में जंगली जानवरों का डर रहता है। नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसी में केवल सुबह की ओ0पी0डी0 ही चलती है, रोगियों की संख्या बहुत कम है।
- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया (पी0एच0सी0 बांसी में)।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अश्विनी चौधरी परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- **जनपद सिद्धार्थनगर में पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बांसी 24x7 क्रियाशील है एवं स्वास्थ्य सेवाओं प्रदत्त करने का आदर्श केन्द्र है।**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उस्का बाजार, जनपद सिद्धार्थनगर, समय रात्रि 10:45 बजेः—**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 आज़ाद एवं डा0 एस0एन0 आज़ाद परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।

- टीकाकरण का कार्य बहुत खराब है यह मेरा उस्का बाजार का पिछले एक वर्ष में तीसरा निरीक्षण था, सभी निरीक्षणों में वैक्सीन कैरियर एवं उसमें बची हुई वैक्सीन कॉरीडोर में फेंके पड़े थे।

  प्रत्येक भ्रमण में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को मौखिक रुप से चेतावनी दी गई, परन्तु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बर्डपुर, जनपद सिद्धार्थनगर, समय रात्रि 11:50 बजेः–**

- प्रा0स्वा0केन्द्र बर्डपुर को सामु0स्वा0केन्द्र घोषित किया गया है। पुराने भवन को तोड़कर नवीन सामु0स्वा0केन्द्र जल निगम की कार्यकारी संस्था सी0एन0डी0एस0 द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो पिछले 02 वर्षों से रुका हुआ है।

  परिसर के चारों ओर जलभराव है एवं बिना पानी में डूबे एक कमरे में चल रही प्रा0 / सामु0स्वा0केन्द्र, बर्डपुर में नहीं पहुँचा जा सकता।

  इसी एक कमरे में ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0 एवं ई0टी0सी0 24x7 क्रियाशील है।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 प्रशान्त अस्थाना एवं डा0 सुबोध चन्द्रा (डी0एन0बी0, मेडिसिन) परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- ई0टी0सी0 में भ्रमण की तिथि तक 21 रोगी उपचारित किये गये हैं।

## दिनांक 04.08.2014

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर, समय रात्रि 01:05 बजेः–**

- इन्सेफलाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 विराट स्वरुप श्रीवास्तव (डी0एन0बी0 आर्थोपेडिक सर्जरी) एवं डा0 शिवेष्ट कुमार पटेल परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- सक्शन मशीन खराब पाई गई।
- ई0टी0सी0 में भ्रमण की तिथि तक मात्र 01 रोगी उपचारित हुआ।

**नोटः– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर, के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 एच0एन0 सिंह, सामु0स्वा0केन्द्र पर न रहकर उपमुख्य चिकित्साधिकारी का कार्यभार सम्भाले हुये हैं।**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी, जनपद सिद्धार्थनगर, समय रात्रि 02:07 बजेः–**

- इन्सेफलाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 ओ0पी0 गौड़ परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- ई0टी0सी0 में भ्रमण की तिथि तक मात्र 03 रोगी उपचारित हुआ।

**जिला चिकित्सालय, जनपद सिद्धार्थनगर, समय प्रातः 10:30 बजेः–**

- जिला चिकित्सालय में पीडियाट्रिक आई0सी0यू0 का औचक निरीक्षण पिछले दरवाज़े से बगैर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सूचित किये किया गया।

  **पीडियाट्रिक आई0सी0यू0 में कार्यकारी फर्म के 04 कर्मी रोगियों हेतु आई0सी0यू0 के बिस्तर पर सोते पाये गये एवं आई0सी0यू0 कक्ष में ही उनके अन्तः वस्त्र एवं पैन्ट कमीज़ फैले हुये सूख रहे थे। आई0सी0यू0 का शौचालय एवं स्नानगृह व ड्यूटीरुम अत्यन्त अव्यवस्थित स्थिति में थे।**

  मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को पी0आई0सी0यू0 की स्थिति के बारे में अवगत कराया गया है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर, समय प्रातः 11:00 बजेः–**

- प्रा0स्वा0केन्द्र के चारों ओर जलभराव की स्थिति है। बिना पानी में उतरे प्रा0स्वा0केन्द्र तक नहीं पहुँचा जा सकता। इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) के चारों ओर भी जलभराव की स्थिति है।
- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अभय सिंह एवं एम0ओ0–2 डा0 सौरभ चतुर्वेदी जिन्होंने शासन के व्यय पर डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया वर्ष 2014 में के0जी0एम0यू0, लखनऊ से पूर्ण किया है, परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।

  डा0 सौरभ चतुर्वेदी निश्चेतक विशेषज्ञ को पीडियाट्रिक आई0सी0यू0 में अविलम्ब तैनाती हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को मौखिक निर्देश दिये गये।

**कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद सिद्धार्थनगर, समय मध्यान्ह 12:00 बजेः–**

- कार्यालय अधीक्षक श्री के0डी0पी0 ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में वर्ष 1996 से तैनात हैं।
- कार्यालय में अराजकता का राज्य है, मुख्य चिकित्साधिकारी की कॉल को सुनने वाला कोई नहीं है।
- मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक अनुशासनहीन हैं एवं उनके स्थानान्तरण की आवश्यकता है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोगिया, जनपद सिद्धार्थनगर, समय अपरान्ह 01:00 बजेः–**

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोगिया के पुराने भवन को तोड़कर नवीन सामु0स्वा0केन्द्र जल निगम की कार्यकारी संस्था सी0एन0डी0एस0 द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो पिछले 02 वर्षों से रुका हुआ है।

  परिसर के चारों ओर जलभराव है एवं बिना पानी में डूबे एक कमरे में चल रही प्रा0/सामु0स्वा0केन्द्र, बर्डपुर में नहीं पहुँचा जा सकता।

  इसी एक कमरे में ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0 एवं ई0टी0सी0 24x7 क्रियाशील है।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 आशीष अग्रहरि परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।

- ई0टी0सी0 में भ्रमण की तिथि तक एक भी रोगी उपचारित नहीं हुआ था।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेसराई, जनपद सिद्धार्थनगर, समय अपरान्ह 01:30 बजे:-**

- जिला मुख्यालय से दूरी 37 किमी0।
- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 एम0एम0 त्रिपाठी परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- आश्चर्यजनक रुप से इस सामु0स्वा0केन्द्र के अधीक्षक डा0 एम0एम0 त्रिपाठी, लेवल-1 के अधीन पिछले 07 वर्षों से डा0 ए0एस0 खान, सर्जन लेवल-4 एवं डा0 एम0के0 सिन्हा, फिजीशियन, लेवल-4 तैनात हैं जो भ्रमण की तिथि के दिन एवं उससे पहले से अनुपस्थित चल रहे हैं परन्तु उनका ओ0पी0डी0 रजिस्टर में मरीजों को उपचारित दिखाया गया है। सर्जन एवं फिजीशियन का ओ0पी0डी0 रजिस्टर मेरे जब्त कर लिये गये है, क्योंकि दोनो ओ0पी0डी0 रजिस्टर एक ही राइटिंग में भरे गये हैं, अर्थात किसी दूसरे के द्वारा।
- भ्रमण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया गया कि दोनों उक्त सर्जन एवं फिजीशियन को जिला चिकित्सालय में तैनात करने हेतु निर्देशित किया जाये।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर, समय सांय 05:20 बजे:-**

- सामु0स्वा0केन्द्र इटवा का नया भवन, अत्यन्त जर्जर अवस्था में है।
- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) खुला एवं क्रियाशील पाया गया।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 वी0के0 वैद्य एवं डा0 संजय गुप्ता परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- भ्रमण की तिथि तक कुल उपचारित रोगियों की संख्या 06 ।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धनवापुर, जनपद सिद्धार्थनगर, समय सांय 06:07 बजे:-**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) बन्द पाई गई।
- ई0टी0सी0 पर कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला।
- परिसर में सन्नाटा पसरा था।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवा (डुमरियागंज), जनपद सिद्धार्थनगर, समय सांय 06:53 बजे:-**

- इन्सेफ्लाईटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर (ई0टी0सी0) बन्द पाई गई।
- ई0टी0सी0 प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 आर0एन0 पाण्डेय परिसर में उपस्थित मिले एवं परिसर में निवास करते हैं।
- परिसर में अन्धेरा था।

परन्तु आश्चर्यजनक रुप से स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर के बाहर परिसर में रखे एवं चल रहे जेनेरेटर से कई दुकानों में बिजली आ रही थी। पता करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह व्यवस्था डा0 वी0के0 मिश्रा, लेवल–4, चिकित्साधिकारी द्वारा की गई थी, जो पूर्व में यहाँ तैनात थे, के द्वारा रोगियों को देखा जाता है एवं उनकी फीस रु0 300 प्रति रोगी है। यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि डा0 वी0के0 मिश्रा, लेवल–4, चिकित्साधिकारी वर्तमान में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अधीन मुख्य चिकित्साधिकारी, गोरखपुर तैनात हैं, परन्तु डुमरियागंज में ही प्राईवेट / निजी क्लीनिक चलाकर रोज़ मरीज़ देखते हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी, गोरखपुर से सम्पर्क कर स्थिति से उनको अवगत कराया गया।

*महत्वपूर्ण संस्तुतिः– जनसामान्य की सुविधा हेतु जनपदीय प्रशासन से अपेक्षा है कि स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र की पहुँच को सुगम्य बनाने के लिये प्रमुख एवं सम्पर्क मार्गों पर मार्ग दिग्दर्शक स्थापित करा दें एवं उस पर दूरी का स्पष्ट उल्लेख हो जिससे रोगी को आसान एवं त्वरित गति से उपचार सुविधा प्राप्त हो सके।*

<u>संस्तुतिः–</u> समस्त सम्बन्धित जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि–

1. ई0टी0सी0 की क्रियाशीलता एवं चिकित्सकों की ई0टी0सी0 पर उपस्थिति पर विशेष बल दिया जाये।
2. ई0टी0सी0 पर चिकित्सकों की उपस्थिति का निरीक्षण स्थानीय स्तर नियमित रुप से किया जाये एवं अनुपस्थित चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ के विरुद्ध अनुपस्थिति अवधि के परिपेक्ष्य में नियमानुसार कार्यवाही अवश्य सुनिश्चित की जाये।
3. समस्त ई0टी0सी0 पर उपचार हेतु आवश्यक औषधियों का पर्याप्त भण्डारण एवं उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये तथा उपकरणों को कार्यरत् अवस्था में कर दिया जाये।
4. जेनेरेटर के लिये पर्याप्त मात्रा में तेल रात्रि के समय विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश आदि की व्यवस्था हेतु कार्यरत् अवस्था में रहे एवं इसका लॉग बुक में नियमित रुप से अद्यतन रखा जाये।

निदेशक / राज्य कार्यक्रम अधिकारी,
ए0ई0एस0 / जे0ई0 उ0प्र0।

पत्रांकः 21फ / ए0ई0एस0 / जे0ई0 / भ्रमण आख्या / 2014 / 4988-39 तद्दिनांकः
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, उ0प्र0, विधान सभा मार्ग लखनऊ।
3. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग–5 को इस आशय से कि उपरोक्त निरीक्षण आख्या में की गई संस्तुतियों के जनपदों में प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में शासकीय निर्देश निर्गत करना चाहें।
4. स्टाफ आफीसर, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बस्ती मण्डल, बस्ती।
6. मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं सन्तकबीरनगर।
7. गार्ड फाईल।

8/1/14

निदेशक / राज्य कार्यक्रम अधिकारी,
ए0ई0एस0 / जे0ई0 उ0प्र0।